# वियतनाम यात्रा – हो ची मिन, फु कॉक, बाना हिल्स, दा नांग, गोल्डन ब्रिज, होई आन

**यात्रा समयः 08 दिन**




**यात्रा प्रारम्भः 01 अप्रैल, 08 मई, 10 जुलाई व 18 सितम्बर 2026**

| दिन | दर्शनीय स्थल |
|---|---|
| पहला दिन | **दिल्ली** से फ्लाइट द्वारा **हो ची मिन** आगमन। होटल चेक-इन एवं भोजन पश्चात **बुई वियन वॉकिंग स्ट्रीट** का आनंद। रात्रि विश्राम हो ची मिन सिटी में। |
| दूसरा दिन | **होची मिन** से प्रातः **कूची टनल** भ्रमण। शहर का भ्रमण **वार रिमनेंट्स म्यूजियम, सैगॉन सेंट्रल पोस्ट ऑफिस, नोट्रे डेम कैथेड्रल** व शाम को **गुयेन ह्यू वॉकिंग स्ट्रीट**। रात्रि विश्राम हो ची मिन सिटी में। |
| तीसरा दिन | **फु कॉक** के लिए प्रातः फ्लाइट द्वारा होची मिन से प्रस्थान। होटल चेक-इन व शाम को **ग्रैंड वर्ल्ड** फु कॉक एवं **सांस्कृतिक कार्यक्रम**। रात्रि फु कॉक। |
| चौथा दिन | **फु कॉक साओ बीच** एवं अन्य बीचों का आनंद। **होन थोम केबल कार** की सवारी। शाम को **किस ब्रिज** व **नाइट मार्केट**। रात्रि फुकॉक में। |
| पाँचवाँ दिन | **होई आन** (फ्लाइट द्वारा फुकॉक से दानांग व बस द्वारा होई आन प्रस्थान)। वहाँ **नारियल नाव** की सवारी का आनंद लें, शाम को प्रसिद्ध **लैंटर्न बोट राइड**, स्थानीय बाज़ारों एवं नदी किनारे भ्रमण के बाद रात्रि दानांग। |
| छठा दिन | **बाना हिल्स** प्रातः नाश्ते के पश्चात **बाना हिल्स** के लिए प्रस्थान। रोपवे द्वारा पहाड़ी पर पहुँचकर प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेंगे। वहाँ विश्वप्रसिद्ध **गोल्डन ब्रिज, सुंदर फ्रेंच विलेज** एवं मनोरंजन से भरपूर **फैंटेसी पार्क** का भ्रमण किया जाएगा। रात्रि विश्राम दानांग में। |
| सातवाँ दिन | **दा नांग** में लोकल मार्केट, प्रसिद्ध **हान मार्केट** की सैर करते हुए खरीदारी का आनंद लें, इसके बाद **ड्रैगन ब्रिज** और **हान नदी** के किनारे घूमे। दिन/शाम को फ्लाइट द्वारा दा नांग से हो ची मिन होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान। |
| आठवाँ दिन | **होची मिन** से दिल्ली के लिए फ्लाइट द्वारा प्रस्थान व वियतनाम यात्रा की मधुर स्मृतियों के साथ यात्रा का समापन। |

नोटः कृपया वियतनाम यात्रा के नियम पेज नं 41 को ध्यानपूर्वक पढ़ कर ही सीट बुक करायें।

# वियतनाम विदेश यात्रा के नियम व सुविधाएँ

| यात्रा दिनांक | यात्रा अवधि | यात्रा शुल्क |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल, 8 मई, 10 जुलाई एवं 18 सितम्बर 2026 | 8 दिन/7 रातें | ₹1,06,000/- प्रति व्यक्ति। |
| 01 अप्रैल, 8 मई, 10 जुलाई एवं 18 सितम्बर 2026 | 9 दिन/8 रातें | ₹1,14,000/- प्रति व्यक्ति। |

उपरोक्त दोनों यात्रा में शामिल आने-जाने की इंटरनेशनल फ्लाइट टिकट, शहरों के बीच 3 डोमेस्टिक फ्लाइट्स, पुशबैक डीलक्स A/C बस/मिनी बस, A/C डबल बेड होटल रूम, वीजा का खर्च, भोजन, चाय, नाश्ता आदि। अग्रिम बुकिंग हेतु ₹25,000/- प्रति यात्री 'श्री शिव शंकर तीर्थ यात्रा' ऋषिकेश के S.B.I. बैंक खाते में जमा करवा दें। शेष धनराशि यात्रा से 7 दिन पूर्व ली जायेगी। विशेष सूचना: यदि कोई यात्री बुकिंग के बाद यात्रा रद्द करता है, तो अग्रिम राशि वापसी नहीं की जाएगी। यात्रा तिथि नजदीक आने पर फ्लाइट टिकट का मूल्य बढ़ सकता है, जिससे किराये में वृद्धि का अंतर यात्री द्वारा देय होगा।

**भोजन व निवास:** प्रतिदिन चाय, नाश्ता, दोपहर व रात का शाकाहारी भोजन मिलेगा। जो होटल मेनू में निश्चित रहेगा। भोजन होटल या स्थानीय रेस्तरां में उपलब्धता अनुसार दिया जाएगा। यात्रियों को डबल बेड कमरे दिए जाएँगे। यदि कोई यात्री सिंगल रूम लेना चाहता है तो उसे **₹12,000/-** अतिरिक्त शुल्क देना होगा। होटल का चेक-इन/चेक-आउट स्थानीय नियमों एवं समय के अनुसार होगा।

**हवाई यात्रा व सामान नियम:** हवाई यात्रा हेतु प्रत्येक यात्री को 15 किलो तक का चेक-इन सामान एवं 7 किलो तक का हैंड बैग ले जाने की अनुमति होगी। अतिरिक्त सामान का शुल्क यात्रिओं द्वारा स्वयं दिया जाएगा। हवाई अड्डे पर ट्रांसफर के दौरान यात्रियों को अपना सामान स्वयं संभालना होगा।

**आवश्यक दस्तावेज:** यात्रा के लिए पासपोर्ट की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। पासपोर्ट की वैधता यात्रा की तिथि से कम से कम 6 महीने शेष होनी चाहिए। यात्रियों को हमेशा मूल पासपोर्ट, वीज़ा एवं ई-टिकट साथ रखना होगा। वैध दस्तावेज़ न होने पर बोर्डिंग की अनुमति नहीं होगी और यात्रा का शुल्क वापस नहीं होगा। बुकिंग के बाद पासपोर्ट की डिटेल पेज की कॉपी **WhatsApp (9640100200)** पर भेजनी होगी।

**स्थानीय परिवहन:** यात्रा हेतु A/C बस/वैन/मिनी कोच की व्यवस्था की जाएगी। ग्रुप के अनुसार वाहन चुना जाएगा। कुछ शहरों में स्थानीय यातायात नियमों और संकरी गलियों के कारण छोटे वाहन भी प्रयोग किए जायेंगे ।

**विशेष निर्देश व नियम:** दर्शनीय स्थलों के प्रवेश शुल्क, बोटिंग, रोपवे, पोर्टर, वाटर स्पोर्ट्स, एडवेंचर गतिविधियाँ, पारंपरिक शो तथा व्यक्तिगत शॉपिंग आदि के खर्च पैकेज में शामिल नहीं हैं। हमारे द्वारा उल्लेखित सुविधाओं के अतिरिक्त यदि यात्री स्वयं कोई अतिरिक्त खर्च करते हैं, तो उसका भुगतान उन्हें स्वयं करना होगा। वियतनाम में आगमन के बाद, आप एयरपोर्ट पर अपनी आवश्यकता अनुसार स्थानीय मुद्रा (रूपया) और सिम कार्ड ले सकते हैं। अपने सामान और सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक यात्री की स्वयं होगी। किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत बीमारी, दुर्घटना या मूल्यवान वस्तुओं के नुकसान की जिम्मेदारी संस्था नहीं लेगी। अगर कोई यात्री अस्वस्थ होकर यात्रा बीच में छोड़ देता है, तो वाहन की व्यवस्था और खर्च यात्री का स्वयं की जिम्मेदारी होगी। कोई भी राशि वापसी नहीं की जाएगी। आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर की व्यवस्था की जा सकती है, स्वयं यात्री के खर्चे पर। यदि कोई यात्री निर्धारित समय पर नहीं पहुँचता है, तो उसे अगले स्थान तक अपने खर्च पर पहुँचना होगा। परिवहन निर्धारित स्थलों की पार्किंग तक ही जाएंगी, वहाँ से दर्शनीय स्थलों की दूरी बहुत कम होगी, यात्री स्वयं के खर्च पर पैदल या रिक्शा द्वारा वंहा जा सकते हैं।

**जरुरी दिशा-निर्देश:** यात्रा के दौरान यदि कोई यात्री किसी भी कारण से कस्टम या विदेशी नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं यात्री की होगी। ऐसी स्थिति में संस्था किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी। यात्रा को न तो रोका जाएगा और न ही स्थगित किया जाएगा, और न कोई शुल्क वापस किया जाएगा। यदि स्थानीय कानून के अंतर्गत कोई कार्यवाही होती है, तो उसका दायित्व पूर्णतः संबंधित यात्री का होगा। अतः निवेदन है कि वे विदेश के सभी नियमों और कानूनों का पालन करें।

**आपात स्थिति व परिवर्तन:** बाढ़, भूकंप, युद्ध, दंगा, आतंकवादी गतिविधि, त्योहार, औद्योगिक विवाद, प्राकृतिक या परमाणु आपदा, खराब मौसम, महामारी, आग, बस/प्लेन/रेल के विलम्ब आदि के कारण कुछ स्थलों के दर्शन संभव नहीं हो पाते हैं तो ऐसी स्थिति में कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में यदि यात्रा बाधित होती है, तो संस्था किसी प्रकार के हर्जाने या मुआवजे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यात्रा संस्था आपकी सुविधा का पूरा प्रयास करता है, फिर भी यात्रा के दौरान कुछ असुविधा संभव है । कृपया इसे स्वीकार करें और यात्रा मैनेजर को पूर्ण सहयोग प्रदान करें।